[redacted]

Series : P1QSR

SET~1

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **61/1/1**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# इतिहास
# HISTORY

*निर्धारित समय : 3 घण्टे*
*Time allowed : 3 hours*

*अधिकतम अंक : 80*
*Maximum Marks : 80*

[redacted]

2385-1

सामान्य निर्देश :

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में* ***34*** *प्रश्न हैं ।* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र* ***पाँच*** *खण्डों में विभाजित हैं –* ***क, ख, ग, घ*** *एवं* ***ङ*** *।*

*(iii)* ***खण्ड-क :*** *प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***21*** *बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न* ***1*** *अंक का है ।*

*(iv)* ***खण्ड-ख :*** *प्रश्न संख्या* ***22*** *से* ***27*** *लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न* ***3*** *अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***60*** *से* ***80*** *शब्दों में लिखिए ।*

*(v)* ***खण्ड-ग :*** *प्रश्न संख्या* ***28*** *से* ***30*** *दीर्घ-उत्तरीय (LA) प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 8 अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***300*** *से* ***350*** *शब्दों में लिखिए ।*

*(vi)* ***खण्ड-घ :*** *प्रश्न संख्या* ***31*** *से* ***33*** *तीन उप-प्रश्नों वाले स्रोत-आधारित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 4 अंकों का है ।*

*(vii)* ***खण्ड-ङ :*** *प्रश्न संख्या* ***34*** *मानचित्र-आधारित प्रश्न है जिसमें महत्त्वपूर्ण परीक्षण वस्तुओं की पहचान और स्थान शामिल हैं । यह प्रश्न* ***5*** *अंकों का है । मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न करें ।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है । यद्यपि, खण्ड-ख तथा खण्ड-ग में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है । परीक्षार्थी को इन प्रश्नों में दिए गए विकल्पों में से किसी* ***एक*** *प्रश्न का उत्तर लिखना है ।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए चित्र तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है । इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें ।*

## General Instructions :

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *This question paper contains* ***34*** *questions.* ***All*** *questions are* **compulsory**.

*(ii)* *Question paper is divided into* ***five*** *Sections – Section* ***A, B, C, D*** *and* ***E****.*

*(iii)* ***Section A*** *– question number* ***1*** *to* ***21*** *are Multiple Choice type Questions. Each question carries* ***1*** *mark.*

*(iv)* ***Section B*** *– question number* ***22*** *to* ***27*** *are Short Answer type Questions. Each question carries* ***3*** *marks. Write answer to each question in* ***60*** *to* ***80*** *words.*

*(v)* ***Section C*** *– question number* ***28*** *to* ***30*** *are Long Answer (LA) type Questions. Each question carries* ***8*** *marks. Write answer to each question in* ***300*** *to* ***350*** *words.*

*(vi)* ***Section D*** *– question number* ***31*** *to* ***33*** *are Source-based Questions having* ***three*** *sub-questions. Each question carries* ***4*** *marks.*

*(vii)* ***Section E*** *– question number* ***34*** *is Map Based Question that includes the identification and location of significant test items. This question carries* ***5*** *marks. Attach the Map with the answer-book.*

*(viii)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in section B and C of question paper. A candidate has to write answer for only* ***one*** *of the alternatives in such questions.*

*(ix)* *In addition to this, NOTE that a separate question has been provided for Visually Impaired Candidates in lieu of questions having visual inputs, Map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired Candidates only.*

## खण्ड – क

**(बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न)** **21 × 1 = 21**

1. स्तंभ-I का मिलान स्तंभ-II से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

| **स्तंभ-I** (हड़प्पा पुरास्थल) | | **स्तंभ-II** (वर्तमान अवस्थिति) | |
|---|---|---|---|
| a. | मांडा | 1. | हरियाणा |
| b. | कालीबंगन | 2. | गुजरात |
| c. | राखीगढ़ी | 3. | राजस्थान |
| d. | लोथल | 4. | जम्मू |

**विकल्प :**

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (C) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (D) | 4 | 3 | 1 | 2 |

2. निम्नलिखित को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

I. ताम्रपाषाण युग

II. मध्यपाषाण युग

III. नवपाषाण युग

IV. पुरापाषाण युग

**विकल्प :**

(A) I, IV, III, II

(B) IV, II, III, I

(C) II, III, I, IV

(D) III, I, IV, II

## SECTION – A

**(Multiple Choice type Questions)** **21 × 1 = 21**

1. Match the Column – I with Column – II and choose the correct option : **1**

| **Column – I (Harappan Sites)** | | **Column – II (Present Location)** | |
|---|---|---|---|
| a. | Manda | 1. | Haryana |
| b. | Kalibangan | 2. | Gujarat |
| c. | Rakhigarhi | 3. | Rajasthan |
| d. | Lothal | 4. | Jammu |

**Options :**

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (C) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (D) | 4 | 3 | 1 | 2 |

2. Arrange the following in correct chronological order and choose the correct option : **1**

I. Chalcolithic Age
II. Mesolithic Age
III. Neolithic Age
IV. Paleolithic Age

**Options :**

(A) I, IV, III, II
(B) IV, II, III, I
(C) II, III, I, IV
(D) III, I, IV, II

3. निम्नलिखित में से संस्कृत व्याकरण पर पाणिनी का कार्य कौन सा है ? 1

(A) सुश्रुत संहिता (B) नाट्यशास्त्र

(C) अष्टाध्यायी (D) अभिज्ञानशाकुंतलम

4. निम्नलिखित में से कौन सा जोड़ा सुमेलित है ? 1

| | (प्राचीन वंश) | | (वंशावली) |
|---|---|---|---|
| (A) | कण्व | – | मौर्यों के उत्तराधिकारी |
| (B) | मौर्य | – | महापदमनंद के उत्तराधिकारी |
| (C) | सातवाहन | – | कुषाणों के उत्तराधिकारी |
| (D) | शक | – | चालुक्यों के उत्तराधिकारी |

5. दिए गए उपयुक्त विकल्प से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए : 1

प्राचीन काल में प्रत्येक नगर का अपना इतिहास था, ______ का विकास एक गाँव से हुआ और फिर पाँचवीं सदी ई.पू. में मगध शासकों ने अपनी राजधानी राजगाह से हटाकर यहाँ स्थापित की ।

**विकल्प :**

(A) विदिशा (B) तक्षशिला

(C) उज्जैन (D) पाटलिपुत्र

6. जैन धर्म के संदर्भ में निम्नलिखित में कौन से कथन सही हैं ? 1

I. वर्धमान महावीर का जन्म पाँचवीं सदी ई. में हुआ ।

II. महावीर 24वें तीर्थंकर थे ।

III. जैन लोग भगवान शिव को महावीर के रूप में पूजते हैं ।

IV. जैन धर्म में अहिंसा के सिद्धांत पर बल दिया गया है ।

**विकल्प :**

(A) केवल I और II सही हैं । (B) केवल II और III सही हैं ।

(C) केवल III और IV सही हैं । (D) केवल II और IV सही हैं ।

[redacted]

3. Which one of the following is a work of Panini on Sanskrit grammar ? **1**

   (A) Sushrut Samhita

   (B) Natyashastra

   (C) Ashtadhyayi

   (D) Abhigyanshakuntlam

4. Which of the following pairs is correctly matched ? **1**

| | **(Ancient Dynasties)** | | **(Lineage)** |
|---|---|---|---|
| (A) | Kanvas | – | Successors of Mauryas |
| (B) | Mauryas | – | Successors of Mahapadmananda |
| (C) | Satvahanas | – | Successors of Kushanas |
| (D) | Shakas | – | Successors of Chalukyas |

5. Fill in the blank with the appropriate option given below : **1**

   In the ancient period, each city had a history of its own, _________ began as a village but in fifth century B.C.E the Magadhan rulers shifted their capital from Rajagaha to this settlement.

   **Options :**

   (A) Vidisha (B) Taxila

   (C) Ujjain (D) Patliputra

6. Which of the following statements regarding Jainism is correct ? **1**

   I. Vardhaman Mahavira was born in $5^{th}$ Century CE.

   II. Mahavira was the $24^{th}$ Tirathankar.

   III. Jains worship Lord Shiva as Mahavira.

   IV. The principle of Ahimsa is emphasised in Jainism.

   **Options :**

   (A) Only I and II are correct. (B) Only II and III are correct.

   (C) Only III and IV are correct. (D) Only II and IV are correct.

[redacted]

7. दिए गए विकल्पों में से निम्नलिखित संरचना की पहचान कीजिए : 1

[redacted]

**विकल्प :**

(A) अमरावती स्तूप

(B) साँची स्तूप

(C) भरहुत स्तूप

(D) सारनाथ स्तूप

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न सं. 7 के स्थान पर है :**

भारत के निम्नलिखित आधुनिक राज्यों में से किसमें साँची स्तूप स्थित है ? 1

(A) महाराष्ट्र

(B) मध्य प्रदेश

(C) तमिलनाडु

(D) उत्तर प्रदेश

8. निम्नलिखित में से कौन सा ऐतिहासिक ग्रंथ अबुल-फ़ज़्ल द्वारा लिखा गया ? 1

(A) बाबर-नामा

(B) हुमायूं-नामा

(C) अकबर-नामा

(D) पादशाह-नामा

[redacted]

7. Identify the following structure from the options given below : 1

[redacted]

**Options :**

(A) Amravati Stupa

(B) Sanchi Stupa

(C) Barhut Stupa

(D) Sarnath Stupa

**Note : The following question is only for the Visually Impaired Candidates only in lieu of Question No. 7 :**

In which of the following modern states of India is Sanchi Stupa located ? 1

(A) Maharashtra

(B) Madhya Pradesh

(C) Tamil Nadu

(D) Uttar Pradesh

8. Which of the following chronicles was authored by Abul-Fazl ? 1

(A) Babur-Nama

(B) Humayun-Nama

(C) Akbar-Nama

(D) Padshah-Nama

9. तालीकोटा (राक्षसी तांगड़ी) का युद्ध निम्नलिखित में से किन दो समूहों के बीच लड़ा गया था ? **1**

(A) कृष्णदेव राय और मदुरई, केरी, मैसूर राजाओं के बीच

(B) रामराय और बीजापुर, जिंजी, बीदर राजाओं के बीच

(C) कृष्णदेव राय और गोलकुण्डा, कोलर, चंद्रगिरि राजाओं के बीच

(D) रामराय और बीजापुर, गोलकुण्डा, अहमदनगर राजाओं के बीच

10. विजयनगर में निम्नलिखित में से कौन सा मंदिर केवल राजाओं और उनके परिवार द्वारा उपयोग के लिए था ? **1**

(A) विट्ठल मंदिर

(B) चिदम्बरम मंदिर

(C) हजारा राम मंदिर

(D) विरूपाक्ष मंदिर

11. निम्नलिखित जानकारी की सहायता से विदेशी यात्री की पहचान कीजिए : **1**

- वह चौदहवीं शताब्दी का मोरक्को यात्री था ।
- वह इस्लामी धर्म के कानून का विशेषज्ञ था ।
- मुहम्मद बिन तुगलक ने उसे दिल्ली का क़ाज़ी नियुक्त किया था ।

**विकल्प :**

(A) अल-बिरूनी

(B) सयदी अली रेइस

(C) इब्न-बतूता

(D) महमूद अली बलखी

12. निम्नलिखित में से 'ट्रेवल्स इन द मुगल एम्पायर' यात्रा किताब का लेखक कौन था ? **1**

(A) फ्रांस्वा बर्नियर

(B) रोबर्टो नोबिल

(C) दुआर्ते बारबोसा

(D) मार्को पोलो

9. The battle at Talikota (Rakshasi Tangri) was fought between which two of the following groups ? 1

(A) Between Krishnadeva Raya and rulers of Madurai, Ikkeri and Mysore

(B) Between Rama Raya and rulers of Bijapur, Gingee and Bidar

(C) Between Krishnadeva Raya and rulers of Golconda, Kolar, and Chandragiri

(D) Between Ram Raya and rulers of Bijapur, Golconda and Ahmednagar

10. Which of the following temples at Vijayanagara was meant to be used only by the king and his family ? 1

(A) Vitthala temple

(B) Chidambaram temple

(C) Hazara Ram temple

(D) Virupaksha temple

11. Identify the foreign traveller with the help of the following information : 1

- He was Moroccan traveller of the 14th century.
- He had the expertise of Islamic religion law.
- He was appointed Qazi of Delhi by Muhammad bin Tughlaq

**Options :**

(A) Al-Biruni

(B) Seydi Ali Reis

(C) Ibn Batuta

(D) Mahmud Ali Balkhi

12. Who among the following is the author of the book of travels called 'Travels in the Mughal Empire' ? 1

(A) Francois Bernier

(B) Roberto Nobile

(C) Duarte Barbosa

(D) Marco Polo

13. निम्नलिखित में से विषम की पहचान कीजिए : 1

| | (सूफ़ी संत) | | (दरगाह का स्थान) |
|---|---|---|---|
| (A) | शेख मुइनुद्दीन चिश्ती | – | अजमेर |
| (B) | ख्वाजा कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी | – | दिल्ली |
| (C) | शेख निजामुद्दीन औलिया | – | आगरा |
| (D) | शेख फरीदुद्दीन गंज-ए-शकर | – | अजोधन |

14. नीचे दो कथन दिए गए हैं, अभिकथन (A) और कारण (R) । इनको ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

**अभिकथन (A)** : बाबा गुरु नानक देवजी ने निर्गुण भक्ति का प्रचार किया ।

**कारण (R)** : बाबा गुरु नानक के लिए परम-पूर्ण 'रब़' का कोई लिंग या आकार नहीं था ।

**विकल्प :**

(A) अभिकथन (A) सही है और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।

(B) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) गलत है ।

(D) अभिकथन (A) गलत है, परन्तु कारण (R) सही है ।

15. निम्नलिखित में से कौन से कथन 1840 से 1850 तक बम्बई-दक्कन की स्थितियों का सटीक वर्णन करते हैं ? 1

I. इस अवधि के दौरान कृषि का महत्त्वपूर्ण विस्तार हुआ ।

II. कृषि उत्पादों की कीमते लगातार बढ़ रही थीं ।

III. आर्थिक संकट के कारण किसान लगातार विद्रोह कर रहे थे ।

IV. कृषि परिदृश्य काफी हद तक प्रगतिशील बना रहा ।

**विकल्प :**

(A) केवल I और III सही हैं ।

(B) केवल II और IV सही हैं ।

(C) केवल I और II सही हैं ।

(D) केवल III और IV सही हैं ।

13. Find the odd one out from the following : **1**

| | (Sufi Teachers) | | (Location of Dargah) |
|---|---|---|---|
| (A) | Shaikh Muinuddin Chishti | – | Ajmer |
| (B) | Khwaja Qutubuddin Bakhtiyar Kaki | – | Delhi |
| (C) | Shaikh Nizamuddin Auliya | – | Agra |
| (D) | Shaikh Fariduddin Ganj-i-Shakar | – | Ajodhan |

14. Two statements as Assertion (A) and Reason (R) are given below. Read them carefully and choose the correct option : **1**

**Assertion (A) :** Baba Guru Nanak Devji advocated Nirguna Bhakti.

**Reason (R) :** For Baba Guru Nanak, the absolute or ‘rab’ had no gender or form.

**Options :**

(A) Assertion (A) is correct and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Assertion (A) is correct, but Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is correct, but Reason (R) is incorrect.

(D) Assertion (A) is incorrect, but Reason (R) is correct.

15. Which of the following statements accurately describe the conditions of Bombay-Deccan from 1840 to 1850 ? **1**

I. There was significant agrarian expansion during this period.

II. Prices of the agricultural products were rising steadily.

III. There were frequent peasant uprisings due to economic distress.

IV. The agrarian landscape largely remained progressive.

**Options :**

(A) Only I and III are correct. (B) Only II and IV are correct.

(C) Only I and II are correct. (D) Only III and IV are correct.

[redacted]

16. निम्नलिखित में से भारतीय कृषकों के लिए इस्तमरारी बंदोबस्त के प्रमुख दीर्घकालिक परिणाम की पहचान कीजिए : **1**

    (A) किसानों के बीच भूमि के स्वामित्व की वृद्धि

    (B) कृषि प्रौद्योगिकी में निवेश

    (C) शोषण और ऋणग्रस्तता में वृद्धि

    (D) सभी प्रकारों की जमींदारी का उन्मूलन

17. निम्नलिखित में से किस अमेरीकी राष्ट्रपति ने अमेरीकी स्वतंत्रता संग्राम में निर्णायक भूमिका निभाई ? **1**

    (A) अब्राहम लिंकन

    (B) थॉमस जेफरसन

    (C) जॉन एफ. केनेडी

    (D) जॉर्ज वॉशिंगटन

18. 1857 के विद्रोह को अंग्रेजों ने एक गंभीर खतरा क्यों माना ? सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए : **1**

    (A) इसने उनके वैश्विक व्यापार को नुकसान पहुँचाया ।

    (B) इसने विश्व के समस्त औपनिवेशिक शासन को हिला दिया ।

    (C) इसने भारत के सभी तबकों को आपस में जोड़ दिया ।

    (D) यह दक्षिण भारत में उनकी हार का कारण बना ।

19. 1857 के विद्रोह के दौरान स्थानीय नेताओं के संदर्भ में सही युग्म का चयन कीजिए । **1**

| | **सूची-I** **स्थानीय नेता** | | **सूची-II** **क्षेत्र** |
|---|---|---|---|
| (A) | गोनू | – | छोटानागपुर |
| (B) | शाहमल | – | हैदराबाद |
| (C) | कुँवर सिंह | – | कानपुर |
| (D) | मौलवी अहमदुल्ला शाह | – | आरा |

16. Identify the major long-term consequence of the permanent settlement for the Indian peasantry from the following : **1**

(A) Increased ownership of land among farmers.

(B) Investment in agricultural technology.

(C) Increased exploitation and indebtness.

(D) Abolition of all kinds of landlordism.

17. Who amongst the following American Presidents played a decisive role in the American War of Independence ? **1**

(A) Abraham Lincoln

(B) Thomas Jefferson

(C) John F. Kennedy

(D) George Washington

18. Why was the Revolt of 1857 viewed as a serious threat by the British ? Choose the most appropriate option : **1**

(A) It has hurt their global trade.

(B) It shook the entire colonial system of the world.

(C) It united all the sections of Indian Society.

(D) It led to their defeat in South India.

19. Choose the correct pair regarding the local leaders during the Revolt of 1857. **1**

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| | **Local Leader** | | **Region** |
| (A) | Gonoa | – | Chotanagpur |
| (B) | Shahmal | – | Hyderabad |
| (C) | Kunwar Singh | – | Kanpur |
| (D) | Maulavi Ahmadullah Shah | – | Arrah |

20. निम्नलिखित जानकारी की सहायता से भारतीय राजनीतिक नेता की पहचान कीजिए : **1**

> I. उन्होंने संविधान सभा में 'उद्देश्य प्रस्ताव' पेश किया ।
>
> II. उन्होंने यह प्रस्ताव भी पेश किया कि भारत का राष्ट्रीय ध्वज केसरिया, सफेद और गहरे हरे रंग की तीन बराबर चौड़ाई वाली पट्टियों का तिरंगा झंडा होगा जिसके केन्द्र में गहरे नीले रंग का चक्र होगा ।

**विकल्प :**

(A) सरदार पटेल

(B) पंडित जवाहरलाल नेहरू

(C) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

(D) डॉ. राधाकृष्णन

21. स्तंभ-I का मिलान स्तंभ-II से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

<u>संविधान सभा में महिला सदस्यों की सूची</u>

| | **स्तंभ-I (महिला सदस्य)** | | **स्तंभ-II (संविधान सभा क्षेत्र)** |
|---|---|---|---|
| I. | सरोजिनी नायडू | a. | केन्द्रीय प्रांत |
| II. | हंसा मेहता | b. | उत्तर प्रदेश |
| III. | विजयलक्ष्मी पंडित | c. | बिहार |
| IV. | राजकुमारी अमृत कौर | d. | बम्बई |

**विकल्प :**

| | **I** | **II** | **III** | **IV** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | a | c | b | d |
| (B) | c | d | b | a |
| (C) | b | a | c | d |
| (D) | d | b | a | c |

20. Identify the Indian Political Leader with the help of the following information : **1**

| | |
|---|---|
| I. | He moved the 'Objectives resolution' in the Constituent Assembly. |
| II. | He moved the resolution proposing that the National flag be a horizontal tricolor of saffron, white and dark green in equal proportions with a wheel of navy blue colour in the centre. |

**Options :**

(A) Sardar Patel

(B) Pt. Jawaharlal Nehru

(C) Dr. Rajendra Prasad

(D) Dr. Radhakrishnan

21. Match Column I with Column II and choose the correct option : **1**

<u>List of Women members in the Constituent Assembly</u>

| | **Column – I (Women member)** | | **Column – II (Constituency)** |
|---|---|---|---|
| I. | Sarojini Naidu | a. | Central Province |
| II. | Hansa Mehta | b. | Uttar Pradesh |
| III. | Vijayalakshmi Pandit | c. | Bihar |
| IV. | Rajkumari Amrit Kaur | d. | Bombay |

**Options :**

| | **I** | **II** | **III** | **IV** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | a | c | b | d |
| (B) | c | d | b | a |
| (C) | b | a | c | d |
| (D) | d | b | a | c |

[redacted]

## खण्ड – ख

(लघु–उत्तरीय प्रकार के प्रश्न) **6 × 3 = 18**

22. भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण के महानिदेशक के रूप में जॉन मार्शल के प्रमुख योगदानों की परख कीजिए । **3**

23. (a) अमरावती के स्तूप के पतन के कारणों की व्याख्या कीजिए । **3**

**अथवा**

(b) प्राचीन भारत के पौराणिक हिंदू धर्म के महत्त्व की व्याख्या कीजिए । **3**

24. 'इब्न–बतूता भारतीय डाक प्रणाली की कार्यकुशलता से बहुत विस्मित थे ।' इस कथन की व्याख्या उदाहरणों सहित कीजिए । **3**

25. (a) विजयनगर के लिए जल स्रोत के रूप में कमलपुरम जलाशय और हिरिया नहर के महत्त्व का वर्णन कीजिए । **3**

**अथवा**

(b) विजयनगर शहर पर डोमिनिंगो पेस के विचारों का वर्णन कीजिए । **3**

26. 1875 में बॉम्बे–दक्कन के दंगों को दबाने के लिए अंग्रेजों द्वारा उठाए गए कदमों का विश्लेषण कीजिए । **3**

27. 1935 के भारतीय सरकार अधिनियम के प्रावधानों की व्याख्या कीजिए । **3**

## SECTION – B

**(Short Answer type Questions)** **6 × 3 = 18**

22. Examine the major contribution of John Marshall as Director General of Archaeological Survey of India. **3**

23. (a) Explain the causes of the ruin of Stupa at Amravati. **3**

**OR**

(b) Explain the significance of Pauranic Hinduism of the ancient India. **3**

24. "Ibn Batuta was amazed by the efficiency of Indian postal system." Explain the statement with examples. **3**

25. (a) Describe the significance of Kamalpuram tank and Hiriya Canal as sources of water for the Vijayanagara. **3**

**OR**

(b) Describe the views of Dominingo Paes on the city of Vijaynagara. **3**

26. Analyse the measures taken by the British to suppress the riots of Bombay-Deccan in 1875. **3**

27. Explain the main provisions of the Government of India Act, 1935. **3**

## खण्ड – ग

(दीर्घ–उत्तरीय प्रकार के प्रश्न) $3 \times 8 = 24$

28. (a) "यद्यपि अभिलेख इतिहास के पुनर्निर्माण का एक महत्त्वपूर्ण स्रोत है, लेकिन इनसे प्राप्त जानकारी की भी सीमा होती है।" इस कथन को उपयुक्त तर्कों द्वारा न्यायसंगत ठहराइये। 8

अथवा

(b) "मौर्य साम्राज्य के इतिहास की पुनर्रचना के लिए इतिहासकारों ने विभिन्न प्रकार के स्रोतों का उपयोग किया और उनके प्रशासन के तरीकों को भी स्पष्ट किया है।" इस कथन को उपयुक्त तर्कों द्वारा न्यायसंगत ठहराइये। $5 + 3 = 8$

29. (a) मुगल काल के दौरान कृषि के विकास की व्याख्या कीजिए। 8

अथवा

(b) सोलहवीं और सत्तरहवीं शताब्दियों के दौरान कृषि समाज में महिलाओं की भूमिका की व्याख्या कीजिए। 8

30. (a) "असहयोग आंदोलन, भारत और गांधीजी के जीवन के एक युग का ही नाम हो गया।" लुई फिशर के इस कथन की व्याख्या उदाहरणों सहित कीजिए। 8

अथवा

(b) "गांधीजी ने विभिन्न कारणों से नमक मार्च शुरू किया और परिणामस्वरूप ये एक महत्त्वपूर्ण आंदोलन के रूप में सामने आया।" इस कथन की व्याख्या उदाहरणों सहित कीजिए। $4 + 4 = 8$

## SECTION – C

**(Long Answer type Questions)** **3 × 8 = 24**

28. (a) "Although epigraphy is an important source of reconstructing history yet there are limits to what it can reveal." Justify the statement with suitable arguments. 8

**OR**

(b) "Historians have used a variety of sources to reconstruct the history of the Mauryan empire and also explained the ways of their administration." Justify the statement with suitable arguments. **5 + 3 = 8**

29. (a) Explain the development of agriculture during Mughal period. 8

**OR**

(b) Explain the role of women in the Agrarian society during $16^{th}$ and $17^{th}$ centuries. 8

30. (a) "Non-Cooperation Movement became an epoch in the life of Mahatma Gandhi and that of India." Explain the statement of Louis Fisher with examples. 8

**OR**

(b) 'Gandhiji started the Salt March for various reasons and it resulted in a significant movement.' Explain the statement with examples. **4 + 4 = 8**

## खण्ड – घ

**(स्रोत-आधारित प्रश्न)** **$3 \times 4 = 12$**

31. नीचे दिए गए परिच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**माता की सलाह**

महाभारत में उल्लेख मिलता है कि जब कौरवों और पांडवों के बीच युद्ध अवश्यंभावी हो गया तो गांधारी ने अपने ज्येष्ठ पुत्र दुर्योधन से युद्ध न करने की विनती की :

शांति की संधि करके तुम अपने पिता, मेरा तथा अपने शुभेच्छुकों का सम्मान करोगे.... विवेकी पुरुष जो अपनी इंद्रियों पर नियंत्रण रखता है वही अपने राज्य की रखवाली करता है । लालच और क्रोध आदमी को लाभ से दूर खदेड़कर ले जाते हैं; इन दोनों शत्रुओं को पराजित कर राजा समस्त पृथ्वी को जीत सकता है.... हे पुत्र तुम विवेकी और वीर पांडवों के साथ सानंद इस पृथ्वी का भोग करोगे.... युद्ध में कुछ भी शुभ नहीं होता; ना धर्म और अर्थ की प्राप्ति होती है और ना ही प्रसन्नता की; युद्ध के अंत में सफलता मिले यह भी ज़रूरी नहीं..... अपने मन को युद्ध में लिप्त मत करो....

दुर्योधन ने माँ की सलाह नहीं मानी, वह युद्ध में लड़ा और हार गया ।

31.1 कौरवों और पाण्डवों के बीच संघर्ष के मुख्य कारण की व्याख्या कीजिए । **1**

31.2 गांधारी ने दुर्योधन को युद्ध न करने की सलाह क्यों दी ? **1**

31.3 दुर्योधन ने अपनी माता, गांधारी की सलाह क्यों नहीं मानी ? **2**

## SECTION – D

**(Source Based Questions)** **3 × 4 = 12**

31. Read the given passage carefully and answer the questions that follow :

**A Mother's Advice**

The *Mahabharata* describes how, when war between the Kauravas and the Pandavas became almost inevitable, Gandhari made one last appeal to her eldest son Duryodhana.

By making peace you honour your father and me, as well as your well-wishers… it is the wise man in control of his senses who guards his kingdom. Greed and anger drag a man away from his profits; by defeating these two enemies a king conquers the earth… You will happily enjoy the earth, my son, along with the wise and heroic Pandavas…. There is no good in a war, no law *(dharma)* and profit *(artha)*, let alone happiness; nor is there (necessarily) victory in the end – don't set your mind on war...

Duryodhana did not listen to this advice and fought and lost the war.

31.1 Explain the main cause of conflict between Kauravas and Pandavas. **1**

31.2 Why did Gandhari advice Duryodhana not to fight ? **1**

31.3 Why did Duryodhana not listen to the advice of his mother, Gandhari ? **2**

32. नीचे दिए गए परिच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**शाही भेंट अस्वीकार**

यह उद्धरण सूफ़ी ग्रंथ से है जो शेख निज़ामुद्दीन औलिया की ख़ानक़ाह में 1313 में हुई घटना का वर्णन करता है :

मेरी (अमीर हसन सिजज़ी) अच्छी किस्मत थी कि मैं उनके (शेख निज़ामुद्दीन औलिया) कदम चूम सका.... इस समय एक स्थानीय शासक ने दो बगीचे और बहुत सी ज़मीन का पट्टा शेख साहब को भेजा है। साथ ही इनके रखरखाव के लिए औज़ार व आवश्यक वस्तुएँ भेजी हैं। शासक ने यह भी साफ किया है कि वह बगीचों और ज़मीन पर अपना हक त्यागते हैं। शेख साहब ने भेंट स्वीकार नहीं की। बदले में वह कहते हैं: "इस ज़मीन, खेत और बगीचे का मुझे क्या करना है ? .... हमारे कोई भी आध्यात्मिक गुरु ने इस तरह का काम नहीं किया।"

फिर उन्होंने एक उचित कहानी सुनाई "..... सुल्तान गियासुद्दीन जो उस समय उलूग ख़ान के नाम से जाने जाते थे, शेख फ़रीदुद्दीन से मिलने आए। उन्होंने शेख को कुछ धनराशि और चार गाँवों का पट्टा भेंट किया। धन दरवेशों के लिए था और ज़मीन शेख के अपने इस्तेमाल के लिए थी। मुस्कुराते हुए शेख-अल-इस्लाम (फ़रीदुद्दीन) ने कहा: मुझे धन दे दो मैं इसे दरवेशों में बाँट दूँगा, पर जहाँ तक ज़मीन के पट्टे का सवाल है उसे उन लोगों को दे दो जिन्हें उनकी कामना है .....।"

32.1 स्थानीय शासक द्वारा सूफ़ी संत को दी गई भेंट का उल्लेख कीजिए। **1**

32.2 सूफ़ी संत की दी गई भेंट पर क्या प्रतिक्रिया थी ? **1**

32.3 सूफ़ी संत ने धनराशि को क्यों स्वीकार किया ? स्पष्ट कीजिए। **2**

32. Read the following passage carefully and answer the questions that follows :

**Declining a Royal Gift**

This excerpt from a Sufi text describes the proceedings at Shaikh Nizamuddin Auliya's hospice in 1313 :

I (the author, Amir Hasan Sijzi) has the good fortune of kissing his (Shaikh Nizamuddin Auliya's) feet… At this time a local ruler had sent him the deed of ownership to two gardens and much land, along with the provisions and tools for their maintenance. The ruler had also made it clear that he was relinquishing all his rights to both the gardens and land. The master…had not accepted that gift. Instead, he had lamented : "What have I to do with gardens and fields and lands ?... None of …. our spiritual masters had engaged in such activity."

Then he told an appropriate story : "…. Sultan Ghiyasuddhin, who at that time was still known as Ulugh Khan, came to visit Shaikh Fariduddin (and) offered some money and ownership deeds for four villages to the Shaikh, the money being for the benefit of the dervishes (Sufis), and the land of his use. Smiling, Shaikh al Islam (Fariduddin) said : Give me the money. I will dispense it to the dervishes. But as for those land deeds, keep them. There are many who long for them. Give them away to such persons."

32.1 Mention the offering by the local ruler to Sufi saint. **1**

32.2 What was the reaction of Sufi saint on the offerings ? **1**

32.3 Why did Sufi saint accept money ? Explain. **2**

33. नीचे दिए गए परिच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**ताल्लुक़दारों की सोच**

ताल्लुक़दारों के रवैये को रायबरेली के पास स्थित कालाकंकर के राजा हनवन्त सिंह ने सबसे अच्छी तरह व्यक्त किया । विद्रोह के दौरान हनवन्त सिंह ने एक अंग्रेज़ अफ़सर को पनाह दी और उसे सुरक्षित स्थान तक पहुँचाया था । उस अफ़सर से आख़िरी मुलाकात में हनवन्त सिंह ने कहा कि

साहिब, आपके मुल्क के लोग हमारे देश में आए । आप अफ़सरों को भेज कर जिले-जिले में जागीरों के मालिकाने की जाँच करवाते हैं । एक ही झटके में आपने मेरे पुरखों की ज़मीन मुझसे छीन ली । मैं चुप रहा । फिर अचानक आपका बुरा वक़्त शुरू हो गया । यहाँ के लोग आपके ख़िलाफ़ उठ खड़े हुए । तब आप मेरे पास आए, जिसे आपने बर्बाद किया था । मैने आप की जान बचाई है । लेकिन अब, अब मैं अपने सिपाहियों को लेकर लखनऊ जा रहा हूँ ताकि आपको देश से खदेड़ सकूँ ।

33.1 ब्रिटिश अफसर के प्रति हनवंत सिंह की पीड़ा को स्पष्ट कीजिए । **1**

33.2 शासकों द्वारा ताल्लुकदारों को किस प्रकार की सुविधाएँ दी जाती थी ? **1**

33.3 ब्रिटिश शासन से ताल्लुकदारों के असंतोष के किन्हीं दो कारणों की व्याख्या कीजिए । **2**

## खण्ड – ङ

**(मानचित्र-आधारित प्रश्न)** **5 × 1 = 5**

34. 34.1 भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित स्थानों को उपयुक्त चिह्नों अथवा प्रतीकों से अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए : **3 × 1 = 3**

(i) नागेश्वर – एक विकसित हड़प्पा पुरास्थल

(ii) काशी – आरंभिक राज्य

33. Read the given passage carefully and answer the following questions :

**What taluqdars thought**

The attitude of the *taluqdars* was best expressed by Hanwant Singh, the Raja of Kalakankar, near Rae Bareli. During the mutiny, Hanwant Singh had given shelter to a British officer, and conveyed him to safety. While taking leave of the officer, Hanwant Singh told him :

Sahib, your countrymen came into this country. You sent your officers round the districts to examine the titles to the estates. At one blow you took from me lands which from time immemorial had been in my family. I submitted. Suddenly misfortune fell upon you. The people of the land rose against you. You came to me whom you had despoiled. I have saved you. But now – now I march at the head of my retainers to Lucknow to try and drive you from the country.

33.1 Explain the anguish of Hanwant Singh for the British officer. **1**

33.2 How were Taluqdars facilitated by the rulers ? **1**

33.3 Explain any two causes of dissatisfaction of Taluqdars from British rule. **2**

## SECTION – E

**(Map Based Questions)** **5 × 1 = 5**

34. 34.1 On the given political outline map of India, locate and label the following with appropriate signs or symbols : **3 × 1 = 3**

(i) Nageshwar – a mature Harappan site

(ii) Kashi – early state.

(iii) (a) गोवा – औरंगजेब के अधीन क्षेत्र

**अथवा**

(b) तंजावूर – एक मध्यकालीन शहर

34.2 भारत के इसी राजनीतिक रेखा–मानचित्र पर भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन से संबंधित दो केन्द्रों को A और B से अंकित किया गया है । इनको पहचानिए और उनके सही नाम उनके निकट खींची गई रेखाओं पर लिखिए । **2**

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 34 के स्थान पर हैं :**

34.1 आरंभिक राज्यों की किन्हीं दो महत्वपूर्ण राजधानियों के नाम लिखिए । **2**

34.2 (a) औरंगजेब के शासन के अधीन किसी एक क्षेत्र का नाम लिखिए । **1**

**अथवा**

(b) विजयनगर साम्राज्य की राजधानी का नाम लिखिए । **1**

34.3 भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के किन्हीं दो मुख्य केन्द्रों के नाम लिखिए । **2**

[redacted]

(iii) (a) Goa – an area under Aurangzeb

**OR**

(b) Thanjavur – a medieval town.

34.2 On the same map two places have been marked as centres of Indian national movement as A and B. Identify them and write their correct names on the lines drawn near them. **2**

**Note : The following questions are for the Visually Impaired Candidates Only in lieu of Question No. 34 :**

34.1 Name any two important capitals of the early states. **2**

34.2 (a) Name one area which was under the rule of Aurangzeb. **1**

**OR**

(b) Name the capital of Vijayanagara Empire. **1**

34.3 Mention any two main centres of Indian National Movement. **2**

---

[redacted]